**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं सेवक कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित

पंतनगर। 11 फरवरी 2021। विश्वविद्यालय में कोरोना काल के दौरान स्वयं सेवकों द्वारा किये गये सहयोग हेतु कोरोना योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन आज गांधी हॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति, डा. तेज प्रताप; विशिष्ट अतिथि संघ के सह-क्षेत्रीय संगठन मंत्री, श्री डालचंद के साथ कुलसचिव, डा. जे. कुमार एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह, मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालीय गीत तथा दीप प्रज्ज्वलन कर एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर और शाल ओढ़ाकर किया गया।

कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोरोना काल के दौरान उत्पन्न हुई स्थिति में स्वयं सेवकों ने जो सेवाएं दी, निश्चित ही उन्होंने देश के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में आप सभी की जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ने वाली है, क्योंकि आप जैसे स्वयं सेवकों की आवश्यकता अब राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगी। डा. प्रताप ने कहा कि कोरोना काल के उपरांत ग्लोबल स्तर पर लोकतांत्रिक स्थिति काफी ज्यादा प्रभावित हुई है। इसकी मजबूती के लिए हमें स्वयं आगे आना होगा और देश के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवाएं देनी होंगी। उन्होंने बताया कि आपके सहयोग से भविष्य में जब भी कोरन्टाइन की बात होगी तो विश्वविद्यालय का नाम बड़े ही सम्मान के साथ लिया जाएगा। डा. प्रताप ने सभी स्वयं सेवकों के निःस्वार्थ कार्य सहयोग के लिए धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं।

विशिष्ट अतिथि, श्री डालचंद, ने कहा कि इतिहास गवाह है जब भी देश में आपदाएं आई हैं, स्वयं सेवकों ने कर्तव्य भाव से आगे बढ़कर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने कोरोना काल के दौरान पंतनगर विश्वविद्यालय द्वारा किये गये प्रयास एवं सहयोग की सराहना की और उम्मीद जताई की भविष्य में ऐसे किसी भी आपदा के दौरान पंतनगर विश्वविद्यालय एवं स्वयं सेवक सदैव निःस्वार्थ सेवाएं प्रदान करते रहेंगे।

इससे पूर्व डा. बृजेश सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूप-रेखा बताई। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा लगभग ७० स्वयं सेवकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. अनिल कुमार यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. शोभित गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयं सेवक उपस्थित थे।



*कार्यक्रम में मंचासीन कुलपति डा. तेज प्रताप;कुलसचिव, डा. जे. कुमार; सह-क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री डालचंद एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह।*






पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक
UNIVERSITY OF AGRICULTURE

